# <u>नागरिक बैंक द्वारा लिया गया परसराम प्रजापति के मकान का कब्जा</u>

नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित विदिशा द्वारा आज उनके एक कालातीत ऋणी परसराम प्रजापति के मकान एवं दुकान का भौतिक आधिपत्य लिया गया ।

माननीय जिलाधीश महोदय के आदेश के पालन में अतिरिक्त तहसीलदार श्री अमित सिंह द्वारा परसराम प्रजापति को एक नोटिस जारी कर 15 दिन में राशि जमा करने का आदेश दिया गया था। आदेश पालन में विफल रहने पर तहसीदार महोदय के आदेश की पालना में आर आई श्री शौर्य प्रताप सिंह द्वारा कुम्हार गली निकासा विदिशा स्थित परसराम प्रजापति के मकान एवं दुकान का पंचनामा बनाया गया एवं मकान व दुकान को सील कर उसकी चाबियां नागरिक बैंक के अधिकारी वैभव जैन को सुपुर्द की गई। अब भी यदि 15 दिन के अंदर परसराम द्वारा ऋण राशि जमा नहीं की जाती है तो मकान व दुकान की सार्वजनिक नीलामी की जावेगी ।

